विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) 8 तथा 9 जनवरी, 1993 को नई दिल्ली में आयोजित विद्युत सम्मेलन में जो कार्य योजना अपनाई गई थी उसमें राज्य बिजली बोर्डों से संबंधित निम्न कार्य निष्पादन को भी शामिल किया गया था ताकि राज्य बिजली बोर्डों द्वारा अपर्याप्त संसाधन जुटाये जाने और निवल अचल परिसंपत्तियों पर सांविधिक निर्धारित 3% की दर से लाभ अर्जित करना सुनिश्चित किया जा सके।

1. संयंत्र भार अनुपात में सुधार

2. पारेषण और वितरण संबंधी हानियों की मात्रा को कम करना

3. युक्तियुक्त टैरिफ

4. राज्य बिजली बोर्डों की ओर बकाया राशियों का निपटान

5. विदेशी सहायता का समुपयोजन; और

6. विद्युत के उत्पादन एवं वितरण में निजी क्षेत्र की सहभागिता।

हरियाणा में विद्युत संयंत्र

961. **श्री रामजी लाल** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हरियाणा में कार्य न कर रहे बड़े ताप विद्युत संयंत्रों की संख्या कितनी है और इनके कार्य न करने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या राज्य में विदेशी सहायता से नये विद्युत संयंत्र लगाये जाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो किस देश से वित्तीय सहायता ली जा रही है; और इन पर कुल कितना धन खर्च होगा तथा इन परियोजनाओं से जिलावार कितना विद्युत उत्पादन होने का अनुमान है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) हरियाणा में सभी विद्यमान ताप विद्युत संयंत्र संतोषजनक रूप से कार्य निष्पादन कर रहे हैं।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के फरीदाबाद गैस आधारित विद्युत केन्द्र चरण-i (400 मेगावाट) को वित्तीय सहायता हेतु के०एफ०डब्ल्यू० (जर्मनी) और ओ० ई०सी०एफ० (जापान) को प्रस्तुत किया गया है। दोनों में से अभी तक किसी भी द्वारा परियोजना का मूल्यांकन नहीं किया गया है। गैस कम मात्रा में उपलब्ध होने से संशोधित व्यवहार्यता रिपोर्ट और संशोधित लागत अनुमान तैयार किये जाने आवश्यक हैं जोकि तैयार किये जा रहे हैं। एन.टी.पी.सी. का समयबद्ध (टाइम स्लाइस) प्रस्ताव जोकि विश्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है, में इस परियोजना को शामिल किया गया है।

हरियाणा में ताप तथा पन बिजली संयंत्र

962. **श्री रामजी लाल** : क्या **विद्युत** मंत्री 18 अगस्त, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 4358 और 4359 के दिये गये उत्तरों को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हरियाणा में 28 फरवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार बड़े तथा छोटे ताप विद्युत संयंत्रों और पन बिजली विद्युत संयंत्रों की संख्या कितनी-कितनी है और प्रत्येक संयंत्र से कितनी मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है ;

(ख) क्या उपरोक्त विद्युत उत्पादन हरियाणा राज्य की बिजली की मांग/आवश्यकता को पूरा करता है ; और